झारखण्ड देखो

Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 178 • दुमका • बुधवार, 7 जुलाई 2021 • पृष्ठ 5 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com



दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार का निधन

शेष पेज 5 पर...

सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा

गुरुकुलम

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।

• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com

संक्षिप्त समाचार

केवल पुरी में निकलेगी भगवान जगन्नाथ यात्रा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने ओडिशा के कई हिस्सों में जगन्नाथ रथ यात्रा की अनुमति की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। सरकार ने सिर्फ पुरी जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा की परमिशन दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आशा है कि भगवान अगले वर्ष रथयात्रा की अनुमति देंगे। अदालत ने पाबंदियों के साथ पुरी में रथयात्रा के सरकार के निर्णय को सही बताया है। अन्य हिस्सों में सिर्फ मंदिर के अंदर पूजा कर सकते हैं।

इस मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं भी पुरी जाना चाहता हूं। उम्मीद है अगले साल भगवान सभी रस्म पूरा करने की परमिशन देंगे, लेकिन इस वर्ष वार्षिक रथयात्रा उत्सव श्रद्धालुओं के बगैर होगा।

रथ के मार्ग में छतों से भी रस्म देखने की अनुमति नहीं है। जिलाधिकारी समर्थ वर्मा ने कहा कि प्रशासन ने फैसले की समीक्षा की है। रथयात्रा को घरों और होटलों की छतों से देखने पर पाबंदी लगा दी है।

सुविचार

जब तक आप स्वयं पर विश्वास नहीं करते, आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते

● विवेकानंद

गुड मॉर्निंग

प्रेमी - क्या तुम जानती हो कि संगीत में इतनी शक्ति होती है
कि पानी गरम हो सकता है!
प्रेमिका - हां जरूर, क्यों नहीं।
जब तुम्हारा गाना सुन कर मेरा खून खौल सकता है,
तो पानी क्यों नहीं...!!!

बिजनेस

सेंसेक्स

52,861.18–18.82 (0.036%)

निफ्टी

15,818.25–16.10 (0.10%)

दैनिक पंचांग

नक्षत्र: रोहिणी - 06:19 पी एम तक
योग: गण्ड - 03:36 पी एम तक
करण: गर - 02:13 पी एम तक
द्वितीय करण: वणिज - 03:20 ए एम, जुलाई 08 तक
पक्ष: कृष्ण पक्ष
वार: बुधवार

चाचा पारस को मंत्री बनाया गया तो कोर्ट जाऊंगा: चिराग

पटना/एजेंसी।

लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने मंगलवार को सीधे ढट नरेंद्र मोदी को चुनौती दी। चिराग ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि छखढ कोटे से निष्कासित सांसद पशुपति पारस को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया, तो मैं कोर्ट जाऊंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मैं हूं, पार्टी भी मेरी है। समर्थन भी मेरे पास है। मेरी अनुमति के बिना, पार्टी के कोटे से किसी भी सांसद को मंत्री बनाना गलत है।

चिराग पासवान ने यह भी कहा- विवाद के बीच अगर ऐसे सांसद को मंत्री बनाया जाता है, जिसे पार्टी निकाल चुकी है तो यह गलत होगा। मुझे नहीं लगता कि ढट मोदी ऐसा करेंगे। अगर ऐसा हुआ तो मैं राजनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ने को तैयार हूं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर चाचा पशुपति पारस को मंत्री बनाना है, तो खउ्र में शामिल करके बनाएं, लेकिन छखढ के नाम पर नहीं।

चिराग ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सबसे पहली टूट जनता दल यूनाइटेड में होगी। नीतीश कुमार की सरकार डेढ़-दो साल से ज्यादा नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि रामविलास के विचारों को कुचलते हुए जिन लोगों ने अलग गुट बनाया, उन्हें तुरंत निष्कासित किया गया है। उनकी प्राथमिक सदस्यता भी खत्म की गई है। चुनाव आयोग को भी इसकी जानकारी दी गई है। पार्टी के नाम पर उन्होंने आयोग में कोई दावा नहीं किया है। खुद को राष्ट्रीय अध्यक्ष भी नहीं बताया है। लोजपा में 13 जून की शाम से कलह शुरू हुई थी। 14 जून को चिराग पासवान को छोड़ बाकी पांचों सांसदों ने संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई थी। इसमें हाजीपुर सांसद पशुपति कुमार पारस को संसदीय बोर्ड का नया अध्यक्ष चुन लिया गया। इसकी सूचना लोकसभा स्पीकर को भी दे दी गई। 14 जून की शाम तक लोकसभा सचिवालय से उन्हें मान्यता भी मिल गई थी। इसके बाद चिराग पासवान ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर पांचों बागी सांसदों को छखढ से हटाने की अनुशंसा कर दी। फिर 17 जून को पटना में पारस गुट की बैठक में उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया।

मोदी कैबिनेट का होगा विस्तार

शाम को शपथ ले सकते हैं नए मंत्री। मंत्रिमंडल में शामिल होगी जेडीयू !

नई दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट का विस्तार होने जा रहा है। संभवतः आज शाम छह बजे के करीब नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जा सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मोदी अपने मंत्रिमंडल में युवाओं को तरजीह देने जा रहे हैं। साथ ही उच्च शिक्षा वाले सांसदों को भी मौका मिल सकता है। आज करीब दो दर्जन से अधिक नए चेहरों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति भवन को केंद्र सरकार ने शपथ ग्रहण की जानकारी दे दी है। शपथ ग्रहण समारोह में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाएगा। साथ ही परिवार के सि-ार्फ एक सदस्य को कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

जिन नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है, उनमें नारायण राणे, ज्योतिरादित्य सिंधिया, सुशील मोदी, तीरथ सिंह रावत, सर्वानंद सोनोवाल, पशुपति पारस, आरके रंजन सिंह, अपना दल की अनुप्रिया पटेल जैसे नाम शामिल हैं।

रूस में विमान हादसा : 28 यात्रियों की मौत

मॉस्को/एजेंसी।

रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र कमचात्का में मंगलवार को लापता हो गए एक विमान का हिस्सा उस हवाईअड्डे के रनवे से 5 किलोमीटर दूर ओखोत्स्क समुद्र तट पर मिला, जहां विमान को उतरना था। रूसी मीडिया की खबरों के अनुसार, दुर्घटना में विमान में सवार 28 लोगों में से एक भी जीवित नहीं बचा। पेत्रोपावलोव्स्क-कमचात्स्की से पलाना शहर के लिए 22 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों के साथ उड़ान भरने वाला एंतोनोव एएन-26 विमान उतरने से पहले रडार से गायब हो गया था।

कमचात्का के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने बताया कि विमान का मुख्य हिस्सा समुद्र तट के पास जमीन पर मिला, वहीं उसका बाकी टूटा-फूटा हिस्सा तट के नजदीक समुद्र में मिला।

विमान कमचात्का एविएशन एंटरप्राइज कंपनी का था. रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार विमान 1982 से सेवा में था. कंपनी के निदेशक एलेक्सी खाबारोव ने इंटरफैक्स समाचार एजेंसी को बताया कि उड़ान भरने से पहले विमान में तकनीकी गड़बड़ी नहीं थी.

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मामले में जांच शुरू की गई है. कमचात्का एविएशन एंटरप्राइज के उप निदेशक सर्जेई गोर्ब ने कहा कि विमान एक समुद्री चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो इसके उतरने के रास्ते में नहीं पड़नी थी.

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया 'खेला होबे दिवस' मनाने का एलान

कोलकाता/एजेंसी।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल कर तीसरी बार सूबे की कमान संभाल रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा के बीच का मनमुटाव अब भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ममता बनर्जी ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर चुनाव आयोग ने भाजपा की मदद नहीं की होती तो वह 30 सीट भी नहीं जीत पाती। साथ ही ममता बनर्जी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नारा 'खेलो होबे' को खूब सराहा। इसलिए अब राज्य में खेला दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि लोगों ने खेला होबे को सराहा है, अब हम खेला होबे दिवस मनाएंगे। हालांकि, यह दिन दिवस कब मनाया जाएगा, यह अभी तय नहीं किया गया है।

डॉ आराधना कुमारी

व्हट्सप/सम्पर्क सूत्र -9975800608

नोट :-महिलाएं अपनी समस्या /कैरियर /रोजगार से कैसे जुड़े /अपने को आत्मनिर्भर कैसे बनाये जैसे विषय पर जानकारी के लिए संपर्क करे।

Unique Id: JH/2021/0276302

SAICARE FOUNDATION

• Helping • Healing • Caring

We Always Believe To Help You In Any Way

Registered Add: Raj Bhawan, Office No: 02, Station Road, Latehar, Jharkhand - 829207

Corporate Add: Rajdhani Green Garden Parking, Nalanda Colony, Khajpura, Bailey Road, Patna – 800014

+91-9975800608, +91- 98253 10450, +91-9973578177 & +31-626703632

Web: www.saicarefoundation.com Email: saicareworld@gmail.com

THE VALUABLE OPPORTUNITY TO MAKE BUSINESS PERFECT

Admission Guidence

MBBS PHARMACY NURSING DIP. ENG (BIT MESRA) B.TECH MBA LLB GRADUATION MASTERS PARA MEDICAL

Contact for any type of career and business consulancy & counselling

Private Ltd. Company. Registration
One Person Company. Registration
Sole Propietorship Registration
Startup India Registration
Partnership Firm Registration
US Incorporation Registration
UK Incorporation Registration
Dubai Incorporation Registration

Digital Signature
ISO Certification
MSME/SSI
FSSAI
IEC
EPF/ESI
GST
Trade Mark
& Many More....

Call Us: +91 8789416227

Time : 10:00 am to 2:00 pm

कोरोना प्रोटोकॉल माने बिना पर्यटन को निकल रहे हैं लोग

फिर लागू की जा सकती हैं बंदिशें: स्वास्थ्य मंत्रालय

नयी दिल्ली/एजेंसी।

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के कमजोर पड़ने और पाबंदियां कम होने के बाद लोग पर्यटन पर निकल पड़े हैं। यही नहीं मनाली, शिमला जैसे हिल स्टेशनों से ऐसी भी तस्वीरें आई हैं, जिनमें लोग मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग जैसे जरूरी नियमों का पालन करते नहीं दिख रहे हैं। इस बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि यदि लोग नियमों का सही से पालन नहीं करते हैं तो एक बार फिर पाबंदियों में दी गई ढील वापस ली जा सकती है। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा, 'अब तक कोरोना की दूसरी लहर से निपटने में मिली बढ़त को कोरोना प्रोटोकॉल तोड़ने वाले लोग खत्म कर सकते हैं।' लव अग्रवाल ने कहा, 'लोग हिल स्टेशनों का रुख करने लगे हैं। कोरोना प्रोटोकॉल का भी ऐसे लोग पालन नहीं कर रहे हैं। यदि ऐसा होता है तो फिर हम अब तक दी गई ढील को वापस भी ले सकते हैं।' उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर अभी गई नहीं है। यह अब भी सीमित स्वरूप में हमारे बीच मौजूद है। उन्होंने कहा कि देश में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या अब 5 लाख से भी कम ही रह गई है। हालांकि उन्होंने अब भी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और सिक्किम को चिंता की वजह बताया। इन राज्यों में अब भी 10 पर्सेंट से ज्यादा की पॉजिटिविटी रेट के साथ नए केस मिल रहे हैं।

ट्विटर ने मान ली गलती

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में ट्विटर ने मंगलवार को माना कि कंपनी ने भारत सरकार की ओर से बनाए गए नए आईटी नियमों का पालन नहीं किया है। इस पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अब केंद्र सरकार ट्विटर पर कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है और अब कंपनी को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। इसके अलावा दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्विटर की ओर से की जा रही देरी पर नाराजगी जताई है। ट्विटर की ओर से शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति को लेकर देरी की जा रही है, जिस पर दिल्ली हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है।

आवश्यकता

झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी ज़िलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

संक्षिप्त समाचार

संगठन को और मजबूत बनाने का निर्देश

दुमका। श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का दुमका आगमन हुआ। सभी कार्यकर्ताओं जोरदार तरीके से सम्मान के साथ स्वागत किया. उदय प्रताप सिंह ने विशेष पदाधिकारियों के साथ बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने, असहाय लोगो को सभी प्रकार से सहायता करने और लव जेहाद जैसे मुद्दों पे विशेष चर्चा की और संगठन के सभी पदाधिकारियों जमीनी स्तर पे कार्य करने की जरूरत पे जोर दिया. साथ ही उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मोके पर प्रदेश अध्यक्ष प्रतिमा सिंह, प्रदेश प्रभारी निशांत सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष अमित मंडल, जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह, जिला युवा अध्यक्ष प्रशांत दास, जिला सचिव जयंत साह और नगर अध्यक्ष पंकज मांझी मौजूद थे।

लगातार सेवा कार्य मे लगे हैं स्वयंसेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता

दुमका। झारखंड सरकार के द्वारा टीकाकरण अभियान के तहत अभियान के तहत जिला प्रशासन दुमका एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र के लिए बनाए गए विभिन्न टीकाकरण केंद्रों में टीकाकरण में निफा के स्वयंसेवक दुमका रेड क्रॉस सोसाइटी दुमका एवं जामा ब्लाक दुमका में वैक्सीनेशन कार्य में स्वयंसेवक सहयोग कर रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जतिन कुमार ने कहा कि कोविड-19 महामारी में लगातार अपने स्वयंसेवक के साथ दुमका में सेवा दे रहे हैं। साथ ही रजिस्ट्रेशन एवं सोशल डिस्टेंस का पालन कराते हुए टीकाकरण परिसर में 18 वर्ष युवक, युवतियों को वैक्सीनेशन में सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के कोविड 19 वेरीफायर राजीव कुमार, जीएनएम, सुशानित हेम्ब्रम, पिशीला मंजू मुर्मू, मनिषा देवी, निशा मरांडी निफा के सक्रिय सदस्य विश्वजीत सिंह, सुमना बराट, सुमंत कुमार, नरेंद्र कुमार गुप्ता, सुमित भंडारी, दीपक राय, रमेश मंडल, राहुल कुमार,अभिषेक रंजन, विक्रम आनंद, दीपक राय, लगातार कोरोना योद्धा के रूप में काम कर रहे हैं।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती पर महिलाओ ने किया पौधारोपण

दुमका। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के अवसर पर महिला मोर्चा की प्रभारी जिलाध्यक्ष नीतू झा के नेतृत्व में उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं कई जगहों पर पौधारोपण भी किया. कार्यक्रम में शामिल होने वालों में पुष्पा सिंह, मोनिका दत्ता, किरण साह, अणिमा देवी, रूपा देवी, मंजू दास, लक्ष्मी सिंह आदि शामिल है.

महापंचायत लगाकर मांगी गिरफ्तारी व सुरक्षा की मांग

दुमका। 23 जून को धनबारी गांव के चौकीदार शब्बीर अहमद की हत्या में चार की गिरफ्तारी के बाद फरार दो मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और ग्रामीणों की सुरक्षा की मांग को लेकर मंगलवार को दोमुहानी गांव में महापंचायत बुलाई गई।इसमें शहरघाटी, झिलमिली, सहजोड़ी व दुमहानी गांव के लोग शामिल हुए। महापंचायत में लोगों ने कहा कि चौकीदार की हत्या के दो मुख्य आरोपित राजेश और विशाल फरार हैं। राजेश उर्फ रिजवान दुमहानी गांव का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीण डरे-सहमे हैं। सभी ने पुलिस से सुरक्षा देने और हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग की। कहा कि जब से हत्या हुई है, तब से इस इलाके में डर का माहौल बन गया है। फरार होने के कारण फिर से कोई बड़ी घटना न हो जाए। दोमुहानी में तीन थाना दुमका, काठीकुंड व शिकारीपाड़ा की सीमा लगती है। अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस छावनी बनाकर गश्ती कराई जाए। मुख्य हत्यारा राजेश और विशाल को जल्द गिरफ्तार किया जाए। इधर, मुफस्सिल थाना प्रभारी उमेश राम ने विश्वास दिलाया कि उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। जल्द ही दोनों आरोपित को पुलिस गिरफ्त में होंगे। सुरक्षा के मद्देनजर इस क्षेत्र में पुलिस की गश्ती टीम नजर रख रही है। अगर हत्यारों के बारे में कोई सूचना मिलती है तो पुलिस को जरूर बताएं।

इंडक्सन मीटिंग का आयोजन 10 जुलाई को

दुमक। इग्नु अध्ययनकेन्द्र एस पी कालेज दुमका के समन्वयक डा के पी यादव ने बताया कि जनवरी सत्र 2021 के फ्रेसर छात्रों के लिए इंडक्सन मीटिंग का आयोजन 10 जुलाई को 10 बजे से गुगलमीट पर आनलाईन आयोजित होगा। संबंधित छात्र इग्नु आर सी देवघर के वेबसाइट पर सर्च कर लिंक आदि की जानकारी प्राप्त कर इसमें जुडकर लाभ उठा सकते हैं। यह उनके लिए अति महत्वपूर्ण बैठक होगी। उन्हें अध्ययन करने के पूरे तौर तरी×के से अवगत कराया जायेगा। इस मीटिंग में क्षेत्रीय निदेशक डा ए एम के सिंह, सहायक निदेशक एस के मिश्रा आदि का संबोधन भी होगा।

उपायुक्त के निदेश पर एमडीएम में बीडीओं ने किया जांच

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

बीडीओं ने की गोदाम प्रभारी को निलंबित करने की अनुशंसा

दुमका। उपायुक्त के निदेश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा मध्याह्न भोजन योजना में गड़बड़ी के संबंध में जाँच किया गया। एक शिकायत भी प्राप्त हुई थी। जिसमें दुमका प्रखण्ड का निलंबित डीएससी मनोज कुमार गुप्ता और एमडीएम गोदाम प्रभारी रामजीवन तुरी, जनसेवक, प्रखण्ड कार्यालय, दुमका की मिलीभगत से एमडीएम का चावल भारी मात्रा में कालाबाजारी करने का आरोप लगाया गया है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा एमडीएम गोदाम की भौतिक जाँच के साथ गोदाम का भंडार पंजी और वितरण पंजी का जाँच किया गया। जाँच में यह स्पष्ट हुआ कि एमडीएम गोदाम प्रभारी रामजीवन तुरी द्वारा भंडार पंजी और वितरण पंजी का संधारण सही तरीके नहीं किया जा रहा है। दोनों पंजी में अंकित चावल की मात्रा में काफी अन्तर है। वर्ष 2018 से 2021 अभी तक कुल 17176.66 क्विंटल चावल डक्ड गोदाम को आपूर्ति किया गया है। एमडीएम गोदाम प्रभारी द्वारा कुल 17183.46 क्विंटल चावल का वितरण किया गया है। जबकि प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, दुमका के प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2018 से वर्ष 2021 अभी तक 14553.00 क्विंटल चावल का ही वितरण विद्यालयों को किया गया है। इस प्रकार गोदाम प्रभारी रामजीवन तुरी द्वारा चावल वितरण में कुल 2630.46 क्विंटल चावल का अनियमितता किया गया है। इस प्रकार कुल 2630.46 क्विंटल चावल के वितरण में अनियमितता पाये जाने पर गोदाम के वितरण पंजी और प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, दुमका के कार्यालय में संधारित चावल वितरण पंजी का मिलान किया गया। जिसमें स्पष्ट रूप से अन्तर पाया गया। गोदाम प्रभारी के वितरण पंजी में दिनांक 12.10.2019 को 19 क्विंटल चावल का वितरण दिखाया गया है जबकि विद्यालयों के मांग के आधार पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार कार्यालय द्वारा 09 क्विंटल चावल का वितरण दिखाया गया है। इसी प्रकार एमडीएम गोदाम प्रभारी के वितरण पंजी में दिनांक 28.08.2019 को हिन्दी मवि दुधानी को 16 क्विंटल चावल का वितरण दिखाया गया है जबकि विद्यालयों के मांग के आधार पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार कार्यालय द्वारा 06 क्विंटल चावल का वितरण दिखाया गया है। अन्य विद्यालय जैसे-मवि मकरो, मवि रसिकपुर, रामवि रानीबहाल आदि का भी मिलान किया गया जिसमें अन्तर पाया गया है।

शिकायतकर्ता द्वारा चावल के कालाबाजारी में मनोज कुमार गुप्ता नामक बिचौलिया का जिक्र किया गया है। इस संबंध में भी जाँच किया गया तो यह तथ्य स्पष्ट हुआ कि डक्ड गोदाम से विद्यालयों तक चावल पहूँचाने का कार्य जिस वाहन से किया गया है, वह मनोज कुमार गुप्ता के नाम से निबंधित है। कई विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा पूछताछ के क्रम में बताया गया कि गोदाम से चावल का वितरण मनोज कुमार गुप्ता द्वारा ही पूर्व में किया जाता रहा है। विदित हो कि जिला आपूर्ति शाखा, दुमका द्वारा परिवहन अभिकर्त्ता के कार्य से निलंबित किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जाँच प्रतिवेदन के आधार पर एमडीएम गोदाम प्रभारी रामजीवन तुरी, जनसेवक-सह- प्रभारी एमडीएम गोदाम, दुमका प्रखण्ड को निलंबित करने का अनुशंसा किया गया है।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर सांसद ने उनके चित्र पर किया माल्यार्पण

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका। शिकारीपाड़ा के पताबाड़ी मैन चौक पर भारतीय जनता पार्टी के दुमका सांसद सुनील सोरेन के द्वारा जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण क पुष्प अर्पित किया गया. मौके पर अमरेन्द्र सिंह, बच्चू सिह, जवाहर मिश्रा, नोनीगोपाल पाल, भेलेन किस्कू, सुकुमार मंडल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे. भारतीय जनता पार्टी प्रखंड कार्यालय शिकारीपाड़ा में पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सुकुमार मंडल के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ के संस्थापक महान शिक्षाविद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई. अवसर पर मंडल अध्यक्ष ने कहा कि कहा श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवादी नेता थे उन्हें अलग विचारधारा के लिए जाना जाता था। उन्होंने हमेशा से ही हिंदुत्व की रक्षा करने के लिए अपनी आवाज उठाई. अनुच्छेद 370 के कट्टर विरोधी थे. डॉक्टर मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास भगत ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अनुच्छेद 370 के विरोधी थे। जो चाहते थे की कश्मीर पूरी तरह से भारत का हिस्सा बने व अन्य राज्यों की तरह समान कानून है उनका कहना था कि एक देश में दो निशान दो प्रधान दो विधान नहीं चलेगा वे चाहते थे कि कश्मीर जाने के लिए किसी की अनुमति लेने नहीं पढ़े वे विरोध स्वरूप हेतु वहां गए उन्हें गिरफ्तार किया गया तथा उनकी रहस्यमय ढंग से मृत्यु हो गई देश उनका सदैव ऋणी रहेगा। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन व आदर्श तथा उनके सिद्धांत पर चलकर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बनी है तथा पूर्ण बहुमत के साथ देश को तेजी से विश्व पटल पर शक्तिशाली तथा विकसित देश के साथ खड़ा कर दिया है। उनकी जयंती कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। जयंती के अवसर पर सयूब अंसारी, राहुल साहा, सूरज कुमार पाल, संजय मिर्धा, सुरेश ठाकुर, अजीत राय, वरुण चंद्र, बालगोविंद राय आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला अध्यक्ष निवास मंडल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में अमिता रक्षित, ओम केसरी, प्रो अनहद लाल (अनुजा आर्य), विक्की कुमार आदि सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रीनिवास मंडल ने बताया कि आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती है हम सभी उनके अधूरे सपनों को पूर्ण करने में लगे हुए हैं। आगे उन्होंने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। भारत को अखण्ड रखने के लिए। वही अमित आरक्षित ने बताया कि-6 जुलाई 1901 कोलकाता में जन्म लेकर।

बैरिस्टर की पढ़ाई पूर्ण करने के पश्चात। भारतीय राजनीतिक को एक नए स्वरूप प्रदान किए। ओम केसरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज आवश्यकता है श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए रास्तों पर, पद चिन्हों पर चलने की। प्रो अनहद ने कहा कि पिता सर आशुतोष मुखर्जी माता योग माया देवी के घर कोलकाता-6 जुलाई 1901 में जन्म लेकर इन्होंने अनेक उपलब्धियां हासिल की। बहुत कम उम्र में विधान परिषद सदस्य, विधायक, मंत्री। सीनेट सदस्य, कुलपति। केंद्रीय मंत्री रहते हुए अनेक उपलब्धि हासिल किया। कश्मीर के मुद्दे पर इन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर कश्मीर को पूर्ण विलय के लिए, एक करने के लिए बिना वीजा पासपोर्ट के जाने के लिए आंदोलन किया. एक देश में दो विधान, दो संविधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं होना चाहिए। अपने ही देश में किसी राज्य में जाने के लिए परमिट की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। इनको वहां बिना बिजा पासपोर्ट जाने से राजनीतिक बंदी बनाकर जेल में डाला गया और वहीं उन्हें संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। लेकिन आज इनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया, मोदी जी ने इनके बलिदान को धारा 370 को हटाकर भारत का अभिन्न अंग बना दिया है। आज है श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा प्रसन्न हो रही होगी। आज आवश्यकता है हम सभी को उनके बताए मार्ग पर, उनके पद चिन्हों पर चलकर पार्टी को और मजबूत करें।

रानीश्वर प्रखंड के कई मौजा में दशकों से रिक्त हैं ग्राम प्रधान का पद, रैयतों को परेशानी

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। संथाल परगना काश्तकारी कानून में ग्राम प्रधान को भूमि राजस्व का विशेष अधिकारी दिया गया हैं। राजस्व मौजा के जमीन की लगान वसूली, सरकारी जमीन की रक्षा एवं उस मौजा के रैयतों को जमीन का पट्टा बंदोबस्ती का अधिकार ग्राम प्रधान को दिया गया हैं। ग्राम प्रधान के निधन के बाद उनके बंशज को प्रधान चयन में प्राथमिकता दी जाती हैं। बिशेष परिस्थिति में उस मौजा के रैयतों की आम राय से अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा ग्राम प्रधान का चयन किया जाता हैं। राज्य सरकार ने ग्राम प्रधानों को सम्मानिक भत्ता देने का प्राबधान किया हैं। भूमि राजस्व के काम काज की देखरेख अंचल अधिकारी के आदेश पर किया जाता हैं। दूसरी ओर यहा रानीश्वर प्रखंड के विभिन्न मौजा में दशकों से प्रधान का पद रिक्त हैं। सादीपुर ग्राम पंचायत के हुसैनपुर मौजा के ग्राम प्रधान का पद 15 साल से रिक्त हैं। ग्राम प्रधान जीवन मरांडी का बर्ष 2005 में देहांत हो गया था। जीवन की पुत्री मिरु मरांडी की बगल के पाथरचाल गांव में शादी हुई थी, पति का तेरह साल पूर्व देहांत हो गया था, वह अपने पिता की संपत्ति की देखभाल करती हैं। जीवन के देहांत के बाद यहा ग्राम प्रधान के चयन को लेकर राजस्व कर्मचारी उदासीन बने हुए हैं। राज्य गठन के बाद ग्राम सभा सशक्तिकरण योजना के तहत यहा ग्रामसभा के माध्यम से अध्यक्ष का चयन किया गया था। गांव के सेबानिवृत शिक्षक छकु लाल माझी को ग्राम सभा का अध्यक्ष चयनित किया गया था। श्री माझी ने उस पद से इस्तीफा दे दिया हैं। गांव के ताम्बड़ मरांडी को उप प्रधान बनाया गया था। पंचयात अस्तित्व में आने के बाद यहां बिकास कार्य मे बार्ड सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। ताम्बढ़ ने बताया कि एक दशक से बिकास कार्य मे उनका सहयोग नहीं लिया जाता हैं, बार्ड सदस्य के अनुशंसा पर कार्य होता हैं। परन्तु यहां ग्राम प्रधान का पद रिक्त रहने के कारण रैयतों को परेशानी होती हैं।

बीडीओ ने बीएलओ व पर्यवेक्षक के साथ किया बैठक

दुमका/ (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। सरैयाहाट प्रखंड कार्यालय सभा भवन में मंगलवार को बीडीओ दयानंद जायसवाल ने बीएलओ व पर्यवेक्षक के साथ बैठक की। कंप्यूटर आपरेटर परिमल कुमार ने बीएलओ को गरुड़ एप की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अब सभी बीएलओ गरुड़ एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं सुधार कर सकेंगे। मतदाता सूची में नए मतदाता का नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र छह, नाम हटाने के लिए प्रपत्र सात व सुधार के लिए प्रपत्र आठ को गरुड़ा एप से भरा जाएगा। बताया कि सभी बीएलओ मतदाताओं को अपना वोटर कार्ड डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रखंड में कुल 141 मतदान केंद्र हैं, जिसमें 138 मतदान केंद्र के बीएलओ गरुड़ एप का प्रयोग अभी से कर रहे हैं। यह गर्व की बात है। बीएलओ ने अपनी परेशानी बताई कि इस एप से प्रपत्र छह का काम हो रहा है, लेकिन प्रपत्र सात एवं आठ काम नहीं कर रहा है। इसपर बताया गया कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी आई है, जिसे जल्द ही सुधार कर लिया जाएगा। इस पर काम चल रहा है। उसके बाद प्रपत्र सात एवं आठ भरने में परेशानी नहीं होगी।बैठक में कुमोद कुमार, परिमल कुमार, पर्यवेक्षक प्रदीप कोटरीवाल, अजीत कुमार, कृष्णेंदु कुमार, चुड़का मरांडी, बीएलओ कल्पना कुमारी, सुमन माला, रानी कुमारी, कविता कुमारी, सुरेन्द्र कुमार यादव, धनंजय यादव, मनोज पोद्दार, अमरेश कुमार सिंह आदि बीएलओ उपस्थित थे।

3 साल में गोदाम प्रभारी डकार गए 52 लाख का चावल

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका। सदर प्रखंड में मिड डे मील के नाम पर बच्चों के लिए दिए जाने वाले चावल के वितरण में जमकर अनियमितता सामने आई है। सात साल से बिना किसी लिखित आदेश के गोदाम के प्रभारी सह जनसेवक रामजीवन तुरी तीन साल के अंदर करीब 2630.46 क्विंटल चावल का घोटाला कर 52 लाख रुपये डकार गए। घोटाले का यह खुलासा सदर प्रखंड के विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा की जांच से हुआ है। बीडीओ ने उपायुक्त राजेश्वरी बी से आरोपित गोदाम प्रभारी को निलंबित करने की अनुशंसा की है।निलंबन के लिए की गई अनुशंसा में बीडीओ ने बताया कि एक आवेदन पत्र भी स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त हुआ था, जिसमें दुमका प्रखंड के परिवहन अभिकर्ता मनोज कुमार गुप्ता और गोदाम प्रभारी रामजीवन तुरी की मिलीभगत से भारी मात्रा में चावल कालाबाजारी करने का आरोप लगाया गया था। गोदाम की भौतिक जांच के साथ भंडार और वितरण पंजी की जांच में पता चला कि प्रभारी ने किसी भी पंजी का संधारण सही तरीके नहीं किया है। दोनों पंजी में अंकित चावल की मात्रा में काफी अंतर है। वर्ष 2018 से 2021 अभी तक कुल 17176.66 क्विंटल चावल गोदाम को आपूर्ति किया गया। गोदाम प्रभारी ने कुल 17183.46 क्विंटल चावल का वितरण दिखाया भी। जबकि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2018 से वर्ष 2021 अभी तक 14553.00 क्विंटल चावल का ही वितरण विद्यालयों को किया गया है। गोदाम प्रभारी ने बिचौलिया की मिलीभगतत से कुल 2630.46 क्विंटल चावल का घोटाला किया है। गोदाम की वितरण पंजी और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में संधारित चावल वितरण पंजी का मिलान करने पर यह अंतर पाया गया है। गोदाम प्रभारी ने वितरण पंजी में 12 अक्टूबर 19 को 19 क्विंटल चावल का वितरण दिखाया है जबकि विद्यालयों की मांग के आधार पर कुल नौ क्विंटल चावल का वितरण दिखाया गया है। इसी तरह से मध्य विद्यालय दुधानी को 16 क्विंटल चावल का वितरण दिखाया गया है जबकि विद्यालय को छह क्विंटल मिला। बताया कि कालाबाजारी में मनोज कुमार गुप्ता नामक बिचौलिया भी शामिल था। जांच से यह बात सामने आई कि गोदाम से विद्यालयों तक चावल पहुंचाने के लिए जिस वाहन का उपयोग किया जाता था, वह मनोज के नाम से निबंधित है। कई शिक्षकों ने इस बात को स्वीकार किया कि मनोज ही चावल का वितरण करता था। फरवरी माह में उसे काम से हटा दिया गया था।

झारखण्ड देखो Jharkhand Dekho खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन मनाया उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

पाकुड़।

प्रखर राष्ट्रवादी महान चिंतक भारतीय जनसंघ के संस्थापक अमर बलिदानी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज जन्मदिन है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच जिला इकाई पाकुड़ के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद का जयंती मनाया गया. वही भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मिस्फिका हसन ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. उन्होंने कहा की भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले, महान शिक्षाविद्, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर उन्हें सच्ची निष्ठा अर्पित। वही अनुग्राहित प्रसाद साह के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्केट कंपलेक्स में जन्मदिन मनाया गया। जिसमें जिला परिषद के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार शुक्ला, नगर परिषद के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, हिसाबी राय, वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद, शबरी पाल एवं पाकुड़ के समाजसेवी बुद्धिजीवी तथा शहर के गणमान्य लोगों के अलावा अनेक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुग्राहित प्रसाद साह डॉक्टर मुखर्जी के जीवनी पर प्रक- ाश डालते हुए कहा कि हमारे प्रेरणा स्त्रोत डॉक्टर मुखर्जी के मार्ग पर चलने की सलाह दिया गया. हमें गर्व है कि हम भारतीय जनसंघ जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप है के संस्थापक डॉक्टर मुखर्जी जैसे महान चिंतक और महान राष्ट्र भक्त रहे है। आज हम देशवासियों को शुभकामनाएं देते हैं और डॉक्टर मुखर्जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन करते हैं। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी, सोहन मंडल, मनोरमा देवी, रामकुमारी देवी, सपन कुमार दुबे, दिलीप कुमार सिंह, सादेकुल आलम, मंजूर आलम, सुशील साह, अनिकेत गोस्वामी, प्रवीण मंडल श्यामल गोस्वामी, निरेन रविदास, सुलेमान मुर्मू इत्यादि सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा मंडल ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती, किया वृक्षारोपण

अमड़ापाड़ा/पाकुडिया(पाकुड़)।

प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार दास नेतृत्व में जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गयी। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया। ने कहा कि स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। उन्होंने देश मे राष्ट्रीयता और राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करने का काम किया। डॉ मुखर्जी ने सबसे पहले देश मे एक संविधान एक विधान एक निशान का नारा दिया था। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष बबलू भगत सहित, विजय भगत, सुनील मंडल, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नीतीश कुमार, पूर्व युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राज आनन्द, गौतम कुमार, राजा भारती, सपन पाल, श्याम सुंदर पंडित, रोहित कुमार, पिंकेश कुमार, रवि कुमार सहित कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण किया। वही पाकुडिया में जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं महान चिंतक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर पाकुड़िया मंडल अध्यक्ष बिजय भगत के नेतृत्व में भाजपा नेता मिस्त्री सोरेन की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय में उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष विजय भगत ने कहा कि आज ही के दिन 1901 में कलकत्ता में शिक्षाविद आशुतोष मुखर्जी के घर मे इनका जन्म हुआ था। विदेश से डिग्री लेकर कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने परंतु राष्ट्रभक्ति के कारण नॉकरी छोड़कर देश सेवा में जुट गये। अखंड भारत का सपना उन्हीं का सपना था। उन्होंने कहा कि उनकी प्रखर देशभक्ति का अनुसरण हर भारतवासी को करनी चाहिये। मौके पर मुख्य रूप से सुकलाल मिर्धा, नीमाय दास, मुन्ना गुप्ता आदि अन्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

बीपीओ ने प्रखंड में संचालित योजना को लेकर किया बैठक, दिया आवश्यक निर्देश

पाकुड़। पाकुडिया प्रखंड सभागार में मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सभी विकास योजनाओं की समीक्षा बीपीओ जगदीश पंडित की अध्यक्षता में सामाजिक दूरी के साथ कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति पर बीपीओ ने सबों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया अन्यथा करवाई का सामना करने हेतु तैयार रहने को कहा। उन्होंने तीसरा ि×कस्त ले चुके लाभुकों के आवासों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का कड़ा निर्देश उपस्थित सभी सचिवों को दिया गया। वहीं बागवानी के पिट खुदाई के कार्य मे तेजी लाते हुए इसे दो दिनों के अंदर पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। बीपीओ श्री पंडित ने सचिवों को लंबित पोल्ट्री शेड को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं मनरेगा मजदूरों का 100 दिनों से आच्छादित कार्य की समीक्षा, रजिस्टर संधारण की अद्यतन स्थिति, 14 वीं एवं 15 वीं वित्त के मासिक प्रतिवेदन उपलब्धता की समीक्षा, कोविड 19 वेक्सिनेशन सहित डोभा, पौधारोपण घेराबंदी, सहित निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन आदि अन्यान्य लंबित कार्यों की गहन समीक्षा कर इनमें तेजी लाकर इन्हें ससमय पूरा कराने का निर्देश बीपीओ श्री पंडित ने दिया। मौके पर सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता, कनीय अभियंता राजेश कुमार सहित सभी पंचायत सचिव, पर्यवेक्षक, रोजगार सेवक आदि अन्य उपस्थित थे।

नौ साल का बच्चा लापता

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)। मंगलवार को एक नौ साल के बच्चे के लापता होने का मामला सामने आया है।

अमड़ापाड़ा बाजार के सिंह कॉलोनी निवासी संजय हाजरा का पुत्र गोलू कुमार सुबह 10 बजे से लापता है। मिली जानकारी अनुसार संजय हाजरा कोल कम्पनी में काम पर गए थे। घर पर पत्नी और उनका बेटा था। करीब 10 बजे कॉलोनी में सामान बेचने वाला आया था। उसे देखकर मेरे बेटे ने चनाचुर खाने का जिद्द करने लगा। चनाचुर खाने के लिये पैसा मांगने की जिद्द पर मां द्वारा पिटाई करने पर गुस्से में आकर गोलू घर से भाग निकला है। सुबह से लापता गोलू के नहीं मिलने से परिजनों में भय है। परिजनों ने काफी खोज बिन किया लेकिन कोई पता नहीं चला. इस सबन्ध में परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया है।

आठ माह की कुपोषित बच्ची को एमटीसी पाकुड़ भेजा गया

पाकुड। मंगलवार को प्रखंड अमड़ापाड़ा अंतर्गत ग्राम पाडेरकोला में एक कुपोषित बच्चे का पहचान पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा किया गया. बच्चे का नाम अस्मिता मरांडी जिनक उम्र 8 माह है. बच्ची का पिता का गेब्रियल मरांडी सही माता को पिरामल स्वास्थ्य के प्रखंड परिवर्तन पदाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता और साहिया एवं सेविका के सहयोग से समझा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फहेतपुर इलाज के लिए लाया गया. उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रेम कुमार मरांडी ने प्राथमिक उपचार कर बच्ची को कुपोषण हेतु बेहतर इलाज के लिए कुपोषण उपचार केंद्र सदर हॉस्पिटल सोनाजोरी पाकुड़ 108 वाहन के सहयोग से भेज दिया गया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रेम कुमार मरांडी ने बताया की पिरामल के द्वारा अब तक आधा दर्जन बच्चों को कुपोषित बच्ची को खोज कर बेहतर ईलाज के लिए एमटीसी भेजा गया गया है. पिरामल के द्वारा यह कार्य बहुत ही सरहनीय है. मौके पर डॉ शालिनी कुमारी सहित पिरामल स्वास्थ्य एबीटीओ समीम अख्तर, सेविका प्रमिला, साहिया मेरी स्टेला एवं बच्चे के माता-पिता उपस्थित थे.

पाकुडिया में धानरोपनी जारी

पाकुड़। पाकुडिया प्रखंड के निचले इलाकों के जलजमाव वाले खेतों में धनरोपनी का कार्य जोर शोर से प्रारंभ हो चुका है। इस बाबत सिद्पुर, तालवा आदि गांवों के किसान शिवधन मरांडी, जोगेन सोरेन आदि अन्य ने बताया कि हमलोगों ने अपने तैयार खेतों में पहली बरसात के बाद ही धान का बिचड़ा गिरा दिया था। क्योंकि इस बार सरकार द्वारा लैम्पस के माध्यम से अनुदानित दर पर बीज भी ठीक समय पर हम किसानों को मिल गया था। किसानों ने बताया कि उनके खेत भी कुछ निचले इलाकों में पड़ते हैं जहाँ एक दो बरसात में ही जलजमाव हो जाता है। काफी पूर्व बिचड़ा डाल देने से वह समय पर रोपनी हेतु तैयार हो गया। यही कारण है कि हमलोगों ने समय पर रोपनी का कार्य भी शुरू करवा दिया। धान रोपनी में अपना सहयोग दे रही किसान परिवार की बेटी सुहागिनी मरांडी, प्रेमलता टुडू, मर्शिला किस्कु, बीटी मुर्मू आदि अन्य ने बताया कि वे स्कूली छात्रा भी हैं लेकिन वर्तमान में विद्यालय बंद होने के कारण अपने मस्त पिता के साथ खेती कार्यों में सहयोग कर रहीं हैं। बहरहाल किसान समय पर धनरोपनी कर काफी खुश नजर आ रहे हैं।

छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पाकुड़। हिरणपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहित महिला के साथ छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को पीड़िता ने थाना में मामला दर्ज कराई है। वही पुलिस ने मामले को लेकर कार्रवाई करते हुए इब्राहिम अंसारी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता ने बताई की पाँच जुलाई की शाम सात बजे घर में अकेले थी आरोपी मेरे घर में जबरदस्ती घुस गया व छेड़खानी करने का प्रयास करने लगा। हल्ला करने पर आरोपी भाग निकला। इसको लेकर थाना के एएसआई मो. सोहराब खाँ व पुलिसबल ने छापेमारी करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि कांड संख्या 52/21 पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले की आवश्यक जाँच की जा रही है।

क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना पहली प्राथमिकता होगी

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका। प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंगलवार को रामगढ़ प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने पदभार ग्रहण करने के बाद यह बात कही। मंगलवार को बीड- ीओ के कक्ष में निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अमल जी ने प्रभार सौंपा। प्रभार ग्रहण करने के बाद नए प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्वागत करने का दौर चलता रहा। जामा विधायक सीता सोरेन के प्रतिनिधि नंदकिशोर साह के नेतृत्व में दर्जनों झामुमो कार्यकर्ताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान बीडीओ ने सभी लोगों से कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना पहली प्राथमिकता होगी। यदि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो इसकी जानकारी तुरंत दें। इस दौरान अधिकांश लोगों ने रामगढ़ प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रहे अनियमितता की जानकारी दी। बीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास एवं मनरेगा योजना जन उपयोगी योजना है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चा- हिए। मौके पर झामुमो नेता दिवाकर मंडल, राजेश कुमार गुप्ता उर्फ मोनू, नेपाली ईसर, ललन कुमार, नेपाली मंडल, रवींद्र मंडल, चंद्रशेखर सोरेन, मुकेंद्र मंडल, रामाकांत मंडल समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। इधर, भारतीय वैश्य महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ललन कुमार की अगुवाई में भी सदस्यों ने बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान संतोष कुमार साह, सुबोध साह, परमानंद पंडित, योगेंद्र प्रसाद साह समेत अन्य लोग उपस्थित थे। बीडीओ ने सभी से विकास में सहयोग की अपील की।

पाकुड़िया प्रखंड के 2 स्थानों पर कोविड-19 का सैंपल संग्रहित किया गया

पाकुड़। पाकुडिया प्रखंड में कोरोना वायरस के रोकथाम व इससे बचाव के मद्देनजर कोविड 19 की जांच हेतु मंगलवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार की अगुवाई में प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया के गेट के समीप एवं थाना के मुख्य गेट के समीप में विशेष जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान आम जनो का कोविड 19 जांच हेतु सैम्पल संग्रहित किया गया । साथ ही शिविर में सैम्पल देने वालों का पूरा विवरण भी एकत्र किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सभी स्वाब सैम्पल की जांच एंटीजन किट व ट्रू नेट मशीन से की जायेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया मैं सैम्पल संग्रहण केंद्रों में 120 लोगों का स्वाब सैम्पल लिया जा चुका था तथा आगे शिविर में उपस्थित लोगों के जांच का कार्य चल रहा था। मौके पर अलख कुमार, विनोद ढाका, नागेश्वर प्रसाद, अटल बिहारी, नित्या कुमार पाल, राजकुमार ठाकुर,नूर आलम शेख, सतीश टुडू, रविंद्र मुर्मू, शिवराम किस्कू, चंचल कुनाई शहीत कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

महिला के साथ मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

महेशपुर(पाकुड़)। महेशपुर थाना क्षेत्र के कैराछतर गांव में आपसी विवाद के बाद एक महिला के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना 27 जून सुबह 9 बजे की है। इस मामले को लेकर पीड़ित महिला सुहागिनी मुर्मू ने महेशपुर थाना में लिखित शिकायत कर दशरथ किस्कू के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। महिला ने उल्लेख किया है कि घटना के दिन मेरा पुत्र सुमन किस्कू बैल चराने खेत गया हुआ था जहां दशरथ मेरे पुत्र के साथ झगड़ा की। इसकी सूचना मिलते ही मैं मौके पर पहुंची तो दशरथ किस्कू ने मेरे साथ गाली गलौज करते हुए बाल पकड़कर मारपीट करने लगा जिससे बुरी तरह घायल हो गई। साथ ही कान में पहना सोना का बाली छीन लिया। हल्ला होने पर लोग जुटे तो दशरथ किस्कू फरार हो गया। पुलिस महिला के लिखित शिकायत पर दशरथ किसको खिलाफ थाना कांड संख्या 103/2021 की धारा 323, 504, 506, 379 के तहत मामला दर्ज दर्ज कर ली है.

जिले में 3988 लोगों को लगाया गया टीका

पाकुड़। कोविड 19 को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा विशेष टीकाकरण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों में कुल 3988 लोगों को टीका लगाया गया। 18 प्लस लोगों में पाकुड़ प्रखंड में 969, पाकुड़िया प्रखंड में 80, हिरणपुर प्रखंड में 253, अमड़ापाड़ा प्रखंड में 184, लिट्टीपाड़ा प्रखंड में 389 एवं महेशपुर प्रखंड में 820 लोगों को टीका लगाया गया। वहीं, 45 प्लस में पाकुड़ प्रखंड के 511, पाकुड़िया प्रखंड के 40, हिरणपुर प्रखंड के 115, अमड़ापाड़ा प्रखंड के 34, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के 161 एवं महेशपुर प्रखंड के 427 लोगों को टीका दिया गया। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिलावासियों से अपील किया कि बारी आने पर टीका अवशय लगाएं। बेवजह सड़कों पर नहीं निकले। मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करें।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दिए श्रद्धांजलि

गिरिडीह।

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक रहे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मंगलवार को गावां में भाजपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस क्रम में सांसद प्रतिनिधि श्री राम यादव की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई।

संसद प्रतिनिधि भगवान दास बर्णवाल ने कहा कि आज ही के दिन श्यामा प्रसाद जी ने कश्मीर में अपना बलिदान दिया था। स्व. मुखर्जी देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान के सख्त खिलाफ थे। उनका कहना था कि एक देश में एक कानून होना चाहिए। इस सपना को पूरा करने का काम मां भारती के सच्चे सपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। मौके पर बनारस सिंग, विशाल राणा, अजित पांडेय, चन्की पांडेय, उपेंद्र स्वर्णकार, प्रहलाद सिंह, मनोज सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक, जनता की समस्याओं को दूर करने का दिया निर्देश

पाकुड़। सोमवार देर शाम पाकुड़ प्रखंड के विक्रम पूर मोड़ में झामुमो जिला अध्यक्ष श्याम यादव के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। बैठक में जिला अध्यक्ष ने सभी के कार्यकर्ताओं से बारी-बारी कर उनकी समस्याओं को सुना, इसके साथ ही समाधान हेतु कई अधिकारियों से ऑन द स्पॉट बात की और कार्यकर्ताओ द्वारा आम लोगो के प्रति किए जा रहे कार्यों पर जिले के अधिकारियों से विशेष ध्यान देने की बात कही, गौरतलब हो की अंबेडकर आवास, वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन जैसी कई समस्या के निदान हेतु कार्यकर्ताओं से उनके समस्याओं के अनुरूप राय ली गई और निदान हेतु आवशयक दिशा निर्देश दिए गए। वही जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा की मुख्यतः बिजली, पानी एवं सफाई संबंधी समस्या को और अधिक दुरुस्त करने की आवशयकता है। पूर्व की सरकार ने मूलभूत सुविधाओं पर कोई धरातलीय कार्य नही किए है सिर्फ गंगानचुंबी बयानों के आधार पर सुर्खियां बटोरी है जबकि राज्य की हेमंत सरकार जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। मौके पर झामुमो जिला प्रवक्ता वंशराज गोप, जिला संयुक्त सचिव महमूद आलम, जिला सदस्य नूर आलम, तनवीर हुसैन, मिथिलेश घोष, पंचायत अध्यक्ष यूसुफ खान, कदम रसूल, साफु सेख, नजरूल इस्लाम, मुंशी हांसदा, सफीक सेख सहित क्षेत्र के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

थानेदारों के साथ एसडीपीओ ने किया क्राइम मिंटीग

महेशपुर(पाकुड़)।

महेशपुर एसडीपीओ ने मंगलवार को अमड़ापाड़ा, पाकुड़िया, रद्धीपुर और महेशपुर के थानेदार के साथ मासिक क्राईम मीटिंग आयोजित की गई। मिंटीग में विभिन्न थाना से सबंधित लंबित कांड का समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में लंबित कांड को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिये। मौके पर एसडीपीओ नवनित हेम्ब्रम ने बताया कि विभिन्न थाना क्षेत्र में कोविंड 19 का पालन लोगों से करवाने, शनिवार और रविवार को सप्ताहिक हाट नही लगने देने, रात्री गस्ती तेज करने, समेत कई प्रकार के आवशयक दिशा निर्देश दिये। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी मनोज कुमार, महेशपुर थाना प्रभारी रत्नेश कुमार मिश्रा, पाकुडिया थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता, शंभू शरण सहाय समेत कई थानेदार मौजुद थे।

झारखण्ड देखो
Jharkhand Dekho
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

मंदिर खोलने की मांग को लेकर एकदिवसीय उपवास मे बैठे भाजपा युवा नेता राजीव जयसवाल

- विधायकों सहित सामाजिक संगठन के लोग उतरे समर्थन में
- जन भावनाओं का सम्मान करें सरकार, खोले रजरप्पा मंदिर का पट्ट-राजीव

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

रामगढ़। देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर को खोलने की मांग को लेकर भाजपा रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जयसवाल मंगलवार को रजरप्पा के दुकानदार, फूल विक्रेता, नाई, पंडा समाज, नविक व कई श्रद्धालुओ के साथ मंदिर परिसर मे स्थित यज्ञशाला भवन मे एकदिवसीय उपवास मे बैठे। ज्ञात हो कि झारखण्ड में पिछ्ले कई महीनों से स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह लागू है। जिस कारण झारखण्ड के सभी धर्मस्थल पूरी तरह से बंद है। मंदिर बंद होने से श्रद्धालुओ को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है।
चुकीं यह झारखण्ड का एकमात्र सिद्धपीठ मंदिर ओर देश के विभिन्न राज्यों से लोग दर्शन को आते है। साथ ही मंदिर बंद होने से मंदिर परिसर में स्थित दुकानदार, फूल विक्रेता, पंडा समाज के लोगो के समक्ष भुखमरी की स्थिती उत्पन्न हो गई है। वही राजीव जयसवाल ने राज्य सरकार को घेरते हूए कहा कि सरकार जब सिनेमा हॉल, जीम, पार्क, बीयर बार खोल सकती है तो फिर मंदिर क्यों नहीं। आज हम सभी सांकेतिक उपवास के माध्यम से सरकार से आग्रह कर रहे है कि कोरॉना प्रोटोकॉल बनाकर जल्द मंदिर खोलने का आदेश दे नहीं तो सड़क पर उतरकर हम सभी आंदोलन को बाध्य होंगे।
वही उपवास कार्यक्रम में हजारीबाग सदर विधानसभा के विधायक मनीष जयसवाल जी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि माँ छिन्नमस्तिका का मंदिर खोलने पर सरकार को बहुत जल्द विचार करना चाहिए। नहीं तो इस आंदोलन को और भी तेज किया जाएगा। इस कार्यक्रम को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह चंदनक्यारी के विधायक अमर कुमार बावरी, भाजपा विरोधी दल के सचेतक सह बोकारो विधायक बिरन्ची नारायण, भाजपा झारखण्ड के प्रदेश मंत्री सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, भाजयुमो झारखण्ड प्रदेश के सह कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार, झारखण्ड के नागपुरी सुपरस्टार रमन गुप्ता, पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास जी के भाई मूलचंद साहू, सहित कई सामाजिक संगठन के लोग व जिलों के कई विभिन्न जगहों से विडियो संदेश के माध्यम से अपना समर्थन दिया। वही उपवास कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिलध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, गोला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ट नेता संतोष तिवारी, छोटू पंडा, राकेश पंडा, रमेश महतो, रवि हाजरा, प्रितम झा, ललन कुमार कशयप, सूरज वर्मा, महेश कुमार, बबली सिंह, कृष्णा केवट, सुमित सिंह, छत्रू महतो, सचिन करमाली, गणेश साव, रंजन करमाली, सन्नी साव, प्रकाश बेदिया, पवन पटेल, बिट्टू रजक, सुनिल यादव सहित कई दुकानदार व पंडा समाज के लोग उपस्थित थे।
भाजपा झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश जी ने दूरभाष पे इस कार्यक्रम का समर्थन किया है साथ ही भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह चंदनक्यारी के विधायक अमर कुमार बावरी, भाजपा विरोधी दल के सचेतक सह बोकारो विधायक बिरन्ची नारायण, भाजपा झारखण्ड के प्रदेश मंत्री सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, भाजयुमो झारखण्ड प्रदेश के सह कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार, झारखण्ड के नागपुरी सुपरस्टार रमन गुप्ता, पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास जी के भाई मूलचंद साहू, सहित कई सामाजिक संगठन के लोग व जिलों के कई विभिन्न जगहों से विडियो संदेश के माध्यम से अपना समर्थन दिया। वही उपवास कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिलध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, गोला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, रजरप्पा न्यास समिति के सचिव सुभाशिस पंडा, वरिष्ट नेता संतोष तिवारी, छोटू पंडा, विप्लव पंडा, संतोष पंडा, सबिर पंडा राकेश पंडा, रमेश महतो, रवि हाजरा, प्रितम झा, ललन कुमार कश्यप, सूरज वर्मा, महेश कुमार, बबली सिंह, कृष्णा केवट,सुमित सिंह, छत्रू महतो, सचिन करमाली, गणेश साव, रंजन करमाली, सन्नी साव, प्रकाश बेदिया, पवन पटेल, बिट्टू रजक, सहित कई दुकानदार व पंडा समाज के लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

कोरोना काल में गरीबों की मदद करना सराहनीय - सीओ

- कोरोना काल में प्रभावित गरीबों को मिला राशन किट

गिरिडीह । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। जमुआ प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के दुम्मा में गूंज नई दिल्ली के सौजन्य से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति बोकारो के द्वारा मंगलवार को कोरोना से प्रभावित गरीबों के बीच मास्क और राशन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जमुआ के अंचल अधिकारी द्वारिका बैठा ने कहा कि कोरोना एक ऐसा महामारी है जो लाइलाज है लेकिन कोरोना से बचा जा सकता है इसके लिए टीकाकरण, मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंस का अनुपालन तथा समय-समय पर साबुन से हाथ की धुलाई जरूरी है। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि कोरोना से सभी वर्ग प्रभावित हुए हैं लेकिन गरीब और दिहाडी मजदूर ज्यादा प्रभावित हुए हैं। गरीबों को राहत देने के लिए गूंज और आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की पहल सराहनीय है। संस्था के सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि गिरिडीह के जिला के विभिन्न प्रखंडों में गूंज नई दिल्ली के सौजन्य से हमारी संस्था द्वारा गरीबों के बीच लगभग 150 मास्क व राशन किट का वितरण किया गया है। साथ ही साथ लोगों को वैक्सीन लेने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। मौके पर प्रोग्राम मैनेजर मुस्तकिम अंसारी, पंकज कुमार, रविन्द्र कुमार, बेलालउद्धीन अंसारी, अनवर अंसारी, आइडिया के प्रोग्राम डायरेक्टर संतोष पाण्डेय, आइडिया के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखे आवेदन, किये बीडीओ एवं सीईओ के पदस्थापन की मांग

गावां/ गिरिडीह। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। धनवार के पूर्व विधायक सह झामुमो के कद्दावर नेता मो निजामुद्दीन अंसारी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत शोरेन को आवेदन देकर गावां में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के पदस्थापन की मांग की है। उन्होंने लिखा कि गावां में बीडीओ व सीईओ दोनों पद खाली पड़े है जिससे उस क्षेत्र के लोगो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगो से मिले प्रतिक्रियाओं का भी ज़िक्र करते हुए गावां में यथाशीघ्र प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी की मांग किये है।

लगातार पांचवे दिन नहीं मिले कोई कोरोना पोजिटिव

दुमका। लगातार पांचवें दिन मंगलवार को भी जिले में कोई व्यक्ति कोरोना पोजिटिव नहीं पाया गया जबकि छह लोग कोरोना संक्रमण से ठीक हो गये हैं। जिले में अब कोरोना मरीजों की संख्या घटकर 24 रह गयी है। सिविल सर्जन डा अनंत कुमार झा ने बताया कि मंगलवार को सभी 1248 सैम्पल जांच में निगेटिव पाया गया है। जरमुण्डी के पांच और सरैयाहाट का एक मरीज कोरोना संक्रमण से मुक्त हो गया। इससे जिले में कोरोना पोजिटिव की संख्या घटकर 24 हो गयी है जिसमें दुमका सदर प्रखण्ड के 17, जरमुण्डी के तीन, शिकारीपाड़ा का दो और रामगढ़ व सरैयाहाट का एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। जिले के गोपीकांदर, मसलिया, रानीश्वर, जामा व काठीकुण्ड समेत पांच प्रखण्डों और दुमका शहरी क्षेत्र में एक भी एक्टिव केस नहीं है। जिले में अबतक 4620 व्यक्ति कोरोना पोजिटिव पाये गये हैं जिनमें से 4549 ठीक हो चुके हैं जबकि 47 की मौत हो चुकी है। मंगलवार को जिले के 1325 व्यक्तियों का कोरोना जांच के लिए सैम्पल लिया गया है।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पशु तस्करों को पकड़ा, किया रजरप्पा पुलिस के हवाले

रामगढ़। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि) । मंगलवार को चितरपुर प्रखण्ड अंतर्गत बोरोबिंग पंचायत में 24 गाय, भैंस व बैलों को चितरपुर बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने तस्करों से मुक्त कराया एवं पकड़ कर रजरप्पा पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने इस सबंध संलिप्त तीन लोगों को पकड़ कर रजरप्पा थाना ले आयी है। पशु तस्करी में शामिल जमीर हुसैन पिता चक्कू रसूल, कुरबान बुल्ला पिता स्व. इरफान एवं समीर हुसैन पिता खादिम रसूल सभी बाजार टॉंड़, घासीटोला के निवासी हैं एक तस्कर हनाउल्लाह फरार हो गया। पुलिस नें पशु तस्करों के बिरूद अग्रतर कार्रवाई में जुट गई। मौके पर रजरप्पा थाना के एएसआई अजित कुमार शम्भू सिंह, सैनिक समन्द, नागेंद्र कुमार मौजूद थे।

केंद्रीय आदिवासी कल्याण मंत्रालय एवं वन पर्यावरण मंत्रालय में हुआ साझा हस्ताक्षर

» देश भर के जनजाति समाज को मिलेगा लाभ :समीर उराँव

» वनाधिकार कानून 2006 के क्रियान्वयन हेतु

रांची । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद समीर उराँव ने आज दिल्ली में हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और जनजाति कार्य मंत्रालय के बीच हुए संयुक्त समझौता हस्ताक्षर का स्वागत किया है। श्री उराँव ने कहा कि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा संगठन की ओर से लगातार प्रयास कर रहा था। उन्होंने कहा कि वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन से देश के करोड़ो जनजाति परिवार को लाभ पहुँचेगा। कहा कि इस पहल से देश के 25 हज़ार ग्राम सभा कमिटी को 2006 के एक्ट के माध्यम से लाभ पहुँचेगा। जमीन के पट्टे के लिए प्रतीक्षारत परिवार लाभान्वित होंगे। 18 हज़ार स्वयं सहायता समूह को इसका लाभ मिलेगा। 86 माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस को उचित एमएसपी मिलेगा। देशभर के जनजाति क्षेत्रों में 740 अदिवासी एकलव्य मॉडल विद्यालय में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा मिलेगी।
उन्होंने कहा जनजाति, आदिवासी, वनवासी समाज के लिए किए गए इस ऐतिहासिक दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वन, जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर एवं आदिवासी मामले के केंदीय मंत्री अर्जुन मुंडा का जनजाति मोर्चा की ओर से आभार एवं धन्यवाद प्रकट करता है। श्री उराँव ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है।

फादर स्टेन स्वामी के संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता - माले

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

गिरिडीह । फादर स्टेन स्वामी का निधन सरकारी तंत्र द्वारा की गई एक सुनियोजित हत्या है ताकि फासीवादी केंद्र सरकार के खिलाफ उठने वाली आवाज को दबाया जा सके। लेकिन सरकार अपनी साजिश में कभी कामयाब नहीं हो सकती। जन प्रतिरोध ही फासीवादी सरकार का माकूल जवाब होगा।
उपरोक्त बातें आज भाकपा माले द्वारा आयोजित फादर स्टेन स्वामी के सम्मान में आयोजित शोक एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए राज्य कमेटी सदस्य राजेश कुमार यादव ने कही। उन्होंने कहा कि, फादर स्टेन के जीवन संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आदिवासी, दलित तथा अन्य वंचित वर्ग के लोगों के ऊपर हो रहे शोषण तथा राजकीय दमन के खिलाफ जीवन पर्यन्त संघर्ष जारी रखा। यह बात कारपोरेट परस्त मोदी सरकार को पसंद नहीं आई, जिस कारण उन्हें वयोवृद्ध होने के बावजूद गलत तरीके से केस में फंसा कर जेल में डाल दिया गया। यहां तक कि गंभीर रूप से बीमार होने पर भी उन्हें जेल से बाहर आने नहीं दिया गया। अंततः कल उनका निधन हो गया है।
कहा कि, उनके निधन से देश-विदेश के सोशल एक्टिविस्ट, 'ूमन राइट्स एक्टिविस्ट के साथ-साथ अपने हक-अधिकार के लिए लड़ने वाला हर तबका दुखी है। वे उनके प्रति शोक व्यक्त कर रहे हैं। उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ फासीवादी सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी ले रहे हैं।
आज के कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा आरवाईए नेता अखिलेश राज, लोकल कमेटी माले के सचिव मनोज यादव, दीपक वर्मा, पुनीत विश्वकर्मा, दिनेश यादव, लक्ष्मण मंडल, बालेश्वर यादव, सुमंती कुमारी, दीपक यादव, बिलसी देवी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

बीडीओ को दी गयी भावभीनी विदाई

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

गिरिडीह। गावां प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को गावां की निवर्तमान बीडीओ मधु कुमारी को भावभीनी विदाई दी गयी।सभागार में आयोजित इस विदाई समारोह में उपस्थित सभी सरकारी कर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि गावां जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी बीडीओ मधु कुमारी ने प्रशासनिक व्यवस्था को जिस प्रकार सुदृढ़ किया वह काबिलेतारीफ है। कहा कि बीड-ीओ की उपस्थिति प्रखंड में लगातार रहती थी और वे यहां के लोगों की समस्या को सुनकर कोशिश करती थी कि उसका जल्द निराकरण हो।
समारोह में उपस्थित लोगों ने बीडीओ को कई तरह के उपहार व पुष्प गुच्छ देकर विदाई दी।
इस अवसर पर बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि गावां में उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए हमेशा उनके कार्यालय कर्मियों व जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिला जिसके लिए वह उनकी आभारी हैं। समारोह में सभी लोगों ने बीडीओ के बेहतर भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान बीडीओ काफी भावुक दिखीं।
मौके पर प्रभारी एमओ प्रदीप राम, बीईईओ प्रभाकर कुमार, बीपीओ अजित कुमार चौधरी, ई ब्लॉक मैनेजर रवीन्द्र कुमार, पंचायत सेवक प्रभु हाजरा, विनोद राय, राजेन्द्र पंडित सहित कई लोग उपस्थित थे।

सहियाओं को दिया गया परिवार नियोजन का प्रशिक्षण

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

गिरिडीह। गावां प्रखण्ड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में मंगलवार को फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रक्षिक्षक बीडीएम गंगा राणा व बिटीटी राजदा खातून ने सहिया साथी को फैमली प्लानिंग की पूर्ण जानकारी दिया और बताया कि बंध्याकरण पखवाड़ा के तहत मील लक्षय को हर हाल में पूरा करना है। उन्होंने बताया कि लक्षय को प्राप्त करने में सहिया साथी का मुख्य भागीदारी बनती है। उन्होंने कहा कि सहिया साथी अपने अपने कलस्टर की सहियाओं को प्रशिक्षित करेंगी, इसके बाद सभी सहिया अपने मोबाइल से इस एप्प के माध्यम से फैमिली प्लानिंग के अस्थायी साधनों की मांग एवं वितरण कर सकती हैं।
मौके पर सहिया नुसरत प्रवीण, चंचला देवी, किरण देवी, रेखा देवी समेत दर्जनों सहिया साथी उपस्थित थी।

पगडंडी रास्ता द्वारा आवागमन में स्कूली बच्चे को होती है परेशानी

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

गिरिडीह । तिसरी प्रखण्ड अन्तर्गत मंसाडीह पंचायत के ग्राम हरहरा टोला लेमोटांड में मंगलवार को ग्रामीणों ने आवागमन पथ निर्माण हेतु कैलास सत्यार्थी फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक चर्चा किया। जिसमें ग्रामीण एवम बच्चों ने कहा कि हमलोगों को बरसात के दिनों मैं मुख्य मार्ग तक जाने हेतु काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। बच्चे ट्यूशन नही जा पाते कई बार बच्चे एक दूसरे का हाथ पकड़कर बहती नदी पार कर पढ़ने को जाते है। कई बार बच्चे नदी में बहते बहते बच गए हैं। गावँ में एक दुकान है जिसका दुकानदार भी बरसात के दिनों में हमारे गावँ दुकान खोलने नही आते। बरसात के दिनों में खराब पथ एवम बहती नदी के कारण हमलोग बीमार होने के बाद भी इलाज हेतु नही जा पाते। ग्रमीणों ने कहा कि बाल मित्र ग्राम बनने के बाद कई बार हमलोग बैठक कर आवेदन तैयार कर विभाग एवम माननीय विधायक को भी कई बार इस ओर ध्यान आकृष्ट करवाया है। लेकिन सिर्फ अस्वासन ही मिला है।
आज पुनः ग्रामीणों ने नदी के किनारे सामूहिक बैठक कर पथ निर्माण करवाने की मांग विभाग से किया। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहायक परियोजना पादधिकारी सुरेन्द्र पंडित ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या निदान हेतु आवेदन तैयार किया गया है। जिसे संबंधित विभाग को दिया जाएगा। संस्था के द्वारा विगत दो वर्षों से बच्चों की सुरक्षा एवम शिक्षा को लेकर हमलोग बाल मित्र ग्राम के रूप में कार्ये कर रहें हैं। गावँ का मुख्य मार्ग से जुड़े नही रहने के कारण बच्चों को शिक्षा में काफी समस्या हो रही है।एवम बरसात में बहती नदी के कारण बच्चों की सुरक्षा का भी खतरा है। बाल मित्र ग्राम कार्येकर्ता राजु सिंह ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। मोके पर संगठन के बाल पंचायत पुजा कुमारी, काजल कुमारी, विकाश कुमार, युवा मंडल सुमित्रा देवी, अनिता देवी, संदीप कुमार, सुरेश रविदास एवम संगठन के कार्येकर्ता सुरेन्द्र पंडित, राजु सिंह उपस्थित थे।

पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ की छापेमारी, भट्ठियों को किये ध्वस्त

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

गिरिडीह । गावां थाना क्षेत्र के मालडा और खेशनरो में अवैध रूप से संचालित शराब की भट्ठियों को गावां पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। यह कार्यवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई।
बता दे कि मालडा एवं खेशनरो में अवैध महुआ शराब की चुलाई के लिए घर के अंदर भट्ठी बना कर शराब निर्मण का कार्य किया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान के दौरान गावां पुलिस ने उक्त दोनों जगह छापेमारी कर लगभग 300 किलो जावा महुआ शराब को नष्ट कर दिए और भट्ठियों को ध्वस्त कर दिए। हालांकि भट्ठी संचालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। मौके से पुलिस ने एक मम्प सेट को भी जब्त कर लिया है।
थाना प्रभारी सूरज कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाई की गई है। इस कार्यवाई में दो अवैध शराब भट्ठी, ड्रम समेत कई उपकरणों को ध्वस्त कर दिया गया है और इन भट्टियों के संचालको पर विधिवत कार्यवाई की जाएगी। पुलिस के इस कार्यवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार का निधन



मुंबई। दिग्गज फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार का बुधवार सुबह साढ़े 7 बजे निधन हो गया। मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में दिलीप कुमार ने अंतिम सांस ली। वे 98 वर्ष के थे। बॉलीवुड में ट्रेजेडी किंग के नाम से मशहूर दिलीप कुमार पिछले 8 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। वे लंबे समय से बीमार थे। 11 दिसंबर 1922 को पेशावर में जन्में दिलीप कुमार राज्य सभा के सदस्य रह चुके हैं। उन्हें उनके दौर का बेहतरीन अभिनेता माना जाता था। ट्रेजेडी किंग को 1995 में भारतीय फिल्मों के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, इसके अलावा 1996 में दिलीप कुमार को पाकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान-ए-इम्तियाज़ से भी सम्मानित किया गया था। उन्होंने देवदास, शक्ति, राम और श्याम, लीडर, कोहिनूर, आजाद और नया दौर जैसी फिल्में की थी। इन फिल्मों के लिए उन्हें फिल्म फेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया।

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता का 98 साल की उम्र में निधन, लंबे समय से बीमार चल रहे थे

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार का बुधवार सुबह निधन हो गया। वे 98 साल के थे। लंबे समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। उन्हें कई बार हॉस्पिटल में भी भर्ती करना पड़ा था। दिलीप कुमार को पिछले एक महीने में दो बार अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

दिलीप कुमार का असली नाम मोहम्मद यूसुफ खान था। उन्होंने 'ज्वार भाटा' (1944), 'अंदाज' (1949), 'आन' (1952), 'देवदास' (1955), 'आजाद' (1955), 'मुगल-ए-आजम' (1960), 'गंगा जमुना' (1961), 'क्रान्ति' (1981), 'कर्मा' (1986) और 'सौदागर' (1991) समेत 50 से ज्यादा बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है।

● कोरोना से दो भाइयों का इंतकाल हुआ

इससे पहले कोरोना की वजह से पिछले साल दिलीप कुमार के दो छोटे भाइयों का इंतकाल हो गया था। 21 अगस्त को 88 साल के असलम का और फिर 2 सितंबर को 90 साल के अहसान चल बसे। इसके चलते सायरा बानो और दिलीप कुमार ने 11 अक्टूबर को अपनी शादी की 54वीं सालगिरह का जश्न नहीं मनाया था।

● पेशावर में हुआ था जन्म

दिलीप साहब का जन्म 11 दिसंबर 1922 को ब्रिटिश इंडिया के पेशावर (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई नासिक में की थी। करीब 22 साल की उम्र में ही दिलीप कुमार को पहली फिल्म मिल गई थी। 1944 में उन्होंने फिल्म ज्वार भाटा में काम किया था, लेकिन यह कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136)